**हिंदी विश्वविद्यालय में गांधी के पुण्यतिथि पर प्रार्थना सभा**

01 फरवरी, 2016; महात्मा गांधी के पुण्य तिथि (30 जनवरी) के अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा गांधी हिल पर प्रात: 11 बजे एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके उपरांत विश्वविद्यालय परिवार द्वारा गांधी जी की शहादत पर दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा गांधीजी के प्रिय भजनों (वैष्णव जन ते... एवं रघुपति राघव राजाराम...) का गान किया गया।




विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. मिश्र ने कहा कि गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि उनके आदर्शों को अपनाने से है, आज आधुनिकता के दौड़ में उनके आदर्शों को तेजी से भुलाया जा रहा है ऐसे में हमें अपने कर्मों के प्रति ईमानदारी बरतने

की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, गैर-शैक्षणिक कर्मी तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद थे।